**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3949**
**19 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## नेल्लोर शहर के लिए जल निकासी परियोजनाएं

**†3949. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर शहर में जल निकासी सुविधाएं प्रदान करने के लिए 82 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से दो परियोजनाओं को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजनाओं के पूरा होने में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और उनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है; और

(ग) क्या परियोजना की लागत में कोई वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत नेल्लोर शहर में 82.02 करोड़ रु. की लागत की दो (02) जल निकासी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। ये दोनों परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं। नेल्लोर शहर में जल निकासी परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | शीर्षक | उपलब्धि | परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | वास्तविक प्रगति (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बड़ी तूफानी वर्षा जल निकासी | कार्यान्वयन चरण में | 23.91 | 11.48 |
| 2 | बड़ी तूफानी वर्षा जल निकासी - चरण ॥ | कार्यान्वयन चरण में | 58.11 | 17.43 |
| कुल | | | 82.02 | 28.91 |

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि अतिक्रमण हटाने की चुनौतियों के कारण कार्य में देरी हुई है। राज्य सरकार ने आगे सूचित किया है कि लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है और परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि अगस्त 2025 है।

****